तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
बेमेतरा भूमि
रायपुर, शनिवार 18 अक्टूबर 2025

4 जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बनने 24 ने ठोकी दावेदारी, पूर्व ...



4 आज धनतेरस के साथ दीपावली के त्यौहारों ...





# आज धनतेरस, तांबा, कांसा व पीतल के बर्तन खरीदकर लोग निभाएंगे परंपरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

दिवाली पर्व के लिए बाजार में रंगोली से लेकर साज सजावट एवं दिए की दुकान सज चुकी है और आज धनतेरस मनाया जाएगा ,जिसे भी लेकर कपड़े, ज्वेलरी, बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक सहित अन्य दुकानों में पर्व को देखते हुए सामानों का स्टॉक किया गया है । वहीं लोगों ने पर्व के पूर्व से ही खरीदी भी शुरू कर दी है । व्यापारियों ने भी ग्राहकों को लुभाने ऑफर भी दे रहे हैं। पर्व दिवाली मद्देनजर लक्ष्मी-गणेश की मूर्ति व थोक बर्तन बाजार की रौनक बढ़ने लगी है।

कारोबारियों ने बताया कि इस फेस्टिव सीजन में सिर्फ वर्तन मार्केट में ही लाखों का व्यवसाय होने की संभावना है। इसके लिए दुकान संचालकों के पास लोगों की जरूरत और पसंद के अनुरूप बर्तनों की विशाल श्रृंखला है। बर्तन के साथ ही गणेश, लक्ष्मी की मूर्तियों की डिमाण्ड बढ़ गई है। ज्यादातर लोग धनतेरस और दिवाली की रात पूजा घर में आराध्य देवों की नई मूर्ति को स्थापित करने खरीददारी करते हैं।

**बेहतर व्यवसाय की उम्मीद:** इधर बाजार में पूर्व से ही पटाखा, रंग बिरंगी रंगोली, मिट्टी के विभिन्न प्रकार के पात्र सहित मां लक्ष्मी एवं दिए से लेकर साज सजावट की सामग्रियों की दुकान लग चुकी है ।बाजार में दुकानों में कपड़ा ,ज्वेलरी, बर्तन, फर्नीचर ,इलेक्ट्रॉनिक आइटम सहित अन्य दुकानों में खरीदी के लिए लोगों की बेहतर उपस्थित बनने लगी है। सुबह से देर शाम तक लोग खरीदारी करने के लिए बाजार पहुंच रहे हैं ।इस वर्ष बेहतर व्यवसाय होने की व्यापारियों के द्वारा उम्मीद जताई जा रही है।

## सजा रंगोली बाजार, कपड़ा ,बर्तन का भी चमकेगा व्यापार





**पटाखे की दुकान भी लगी:** शहर के कृषि उपज मंडी परिसर में पटाखे की दुकानों का आवंटन हो चुका है ।पटाखा व्यापारी इन दिनों अपनी अपनी दुकानों को सजा चुके हैं ।उल्लेखनीय की दिवाली पर्व के दौरान बच्चों से लेकर सभी वर्ग के लोगों के बीच पटाखे की मांग बनी रहती है लिहाजा शहरी सहित ग्रामीण इलाकों के लोग पटाखा खरीदी करने दुकानों में पहुंचते हैं ।

### सुबह से देर शाम तक चहल-पहल

ज्ञात हो कि दीपावली पर्व के लिए जहां स्थानीय बाजार की दुकानों में पूर्व से ही सामानों का स्टॉक कर लिया जाता है।वही फेरी वाले से लेकर ग्रामीण इलाकों से भी लोग शहर आकर अपनी अपनी दुकानें सजा कर रखते हैं । वहीं ग्रामीण बाजारों में भी पूर्व से ही पर्व संबंधित साज सजावट एवं तैयारी कर ली जाती है । अब जब दीपावली पर्व की शुरुआत आज 18 अक्टूबर से होना है ,ऐसे में बाजार में रौनक बढ़ने लगी है व्यवसाययों के अनुसार नवरात्र से ही बाजार में चहल-पहल बड़ा है ।लोग पर्व के लिए खरीदी करने जुटे हुए हैं ।माना जा रहा है कि आगामी दिनों में शहरी सहित ग्रामीण इलाकों से बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति बननी शुरू हो जाएगी।

### बर्तनों का रहता है क्रेज

धनतेरस पर चर्तन बजार भी गुलजार रहता है. क्योंकि कई लोग इस दिन बर्तन भी विशेष रूप से खरीदते हैं। दुकान संचालकों ने बताया कि थोक बाजार में तांबे के कार बर्तन को बेच कर पुराने बर्तन को वापस भी लिया जा रहा है। कांसे का रेट भी लतामग तांबे के बर्तन जैसा ही है। बर्तन विक्रेताओं ने बताया कि ज्यादातर लोग पुराने बर्तन को बदलने के बाव और पैसे लगाकर गए बर्तन को धनतेरस के दिल खरीदना पसंद करते हैं। वाहकों की पसंद के अनुरूप महानगरों से बर्तन मंगाए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### कार से ट्रैफिक आरक्षक को उड़ाने की कोशिश

**भिलाई।** सिरसा गेट पर ड्यूटी कर रहे ट्रैफिक आरक्षक पर कार चढ़ाने की कोशिश हुई। तेज रफ्तार कार को आरक्षक ने रुकवाने की कोशिश की, इस पर चालक ने गाड़ी बढ़ा दी। कोई अनहोनी नहीं हुई, मामले में पुलिस ने कार सीजी 04 क्यूके 5678 के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। आरोपी रायपुर निवासी नीरज वर्मा उम्र 27 वर्ष और ऋषभ वर्मा बताए गए हैं। आरोपियों के पास से पुलिस ने 25 नग ग्लेनकप सिरप भी जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी नीरज वर्मा व उसे चचेरे भाई ऋषभ वर्मा के पास से दवा बिक्री के लिए 25 नग ग्लेनकॅफ सीरप प्राप्त हुआ। साथ ही चरोदा रेल विहार से बाबा नाम के व्यक्ति से नशीली दवाई 25 नग मिला।

### सड़क पर आधी रात बर्थ डे का जश्न, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भिलाई।** आधी रात सड़क को घेर कर बर्थ डे का जश्न मनाया जा रहा था। शिकायत पर पुलिस ने सुबह ही चार युवकों को गिरफ्तार किया है। वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि इंदिरा नगर वार्ड-16 सुपेला निवासी अखिलेश चौहान की शिकायत पर पुलिस ने कार फार्चुनर सीजी 12 एक्यू 3600 को संग्राम चौक कैम्प 1 में खड़ी कर सड़क को बाधित किया गया था। इस दौरान पुलिस ने आरोपी शुभम यादव, नीरज नेपाली, सत्यम यादव ,जितेश यादव, रवि यादव को गिरफ्तार किया है। आरोपी नीरज नेपाली पर महादेव सट्टा, आरोप है कि शुभम यादव पर अनाचार, प्राणघातक हमला और सत्यम यादव पर भी मारपीट जैसे कई अपराध थानों में दर्ज है। उक्त आरोपियों द्वारा सड़क जाम कर जश्न मना रहे थे। इस दौरान पीड़ित पावर हाउस भिलाई जा रहा था। आरोपियों के जश्न के चलते काफी देर तक सड़क पर रुका रहा लेकिन इनके द्वारा लोगों को आने जाने में दिक्कत खड़ा कर लोगों से दबंगई दिखा रहे थे। सूचना पर वैशाली नगर पुलिस ने चारों आरोपियों को ट्रेस कर गिरफ्तार कर लिया है।

### कान में ईयर फोन लगाकर ट्रैक में चल रहा युवक ट्रेन से कटा

**भिलाई।** रेलवे ट्रैक पर कान में ईयर फोन लगाकर गाना सुन रहा युवक ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। घटना 16 अक्टूबर की सुबह की है। मिली जानकारी के मुताबिक विद्युत नगर जोगी नगर निवासी विष्णु 22 वर्ष का युवक ठगड़ा बांध रेलवे क्रॉसिंग के पास से कान में ईयर फोन लगाकर गुजर रहा था। इस दौरान तेज रफ्तार ट्रेन आई युवक को कान में ईयर फोन लगाने से आवाज सुनाई नहीं दिया। जिससे हादसे में युवक की मौत हो गई। मृतक घर से मजदूरी काम करने के लिए निकला था। ट्रेन की रफ्तार इतनी तेज थी कि टक्कर लगने के बाद युवक 50 मीटर तक घसीटता चला गया। युवक का शव कई हिस्सों में रेलवे लाइन पर बिखरा पड़ा मिला। घटना बालोद-दुर्ग रेलमार्ग पर 869 खंभे के पास की है। ट्रेन अंतागढ़ से रायपुर जा रही थी।

## आफत

### छट्ठी का खाना बना बीमारी की वजह, 25 बीमार

# भोज के बाद मचा हड़कंप, दो गंभीर मरीज मेकाहारा रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नवागढ़

■ फूड सैंपल फेंक दिए जाने से जांच अटकी- स्वास्थ्य विभाग बोले, अब थालियाँ ही गवाह!

ग्राम लावतारा में साहू परिवार के यहाँ आयोजित छठ्ठी समारोह का माहौल मंगलवार रात तक खुशियों से भरा था। बच्चे खेल रहे थे, रिश्तेदार ठहाके लगा रहे थे और थालियों में व्यंजन परोसे जा रहे थे। लेकिन वही थालियाँ रात भर में अस्पताल की खाटों तक पहुँच गईं। कार्यक्रम के बाद उल्टी, दस्त और पेट दर्द ने लोगों को इस कदर घेरा कि गाँव की गलियाँ एंबुलेंस की आवाज़ों से गूंज उठीं। कुल 25 लोग बीमार पड़े, जिनमें महिलाएँ, पुरुष और बच्चे शामिल हैं। 15 अक्टूबर की रात भोजन के कुछ घंटे बाद ही लोगों को बेचैनी, पेट दर्द और उल्टी की शिकायत होने लगी।

सुबह होते-होते हालात इतने बिगड़े कि लावतारा, अंधियारखोर, खण्डसरा, चमारी और बेतर के ग्रामीणों को अस्पताल की शरण लेनी पड़ी। खंडसरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक-एक कर मरीज पहुँचने लगे। केंद्र में भीड़ देख डॉक्टरों ने तुरंत टीम तैनात की। हालात बिगड़ने पर 7 लोगों को जिला अस्पताल बेमेतरा रेफर किया गया, जबकि 10 वर्षीय बालिका और 55 वर्षीय महिला की गंभीर हालत को देखते हुए रायपुर मेकाहारा अस्पताल भेजा गया।

**निजी अस्पतालों में भी बढ़ी भीड़, आंकड़ा और बढ़ने की संभावना:** सरकारी रिपोर्ट में 25 मरीज दर्ज किए गए हैं, लेकिन ग्रामीणों के अनुसार, कई लोगों ने निजी अस्पतालों में इलाज कराया है। इसलिए वास्तविक आंकड़ा इससे काफी अधिक हो सकता है। गाँव में अब भी कुछ लोग हल्की तबियत के साथ घरों में उपचार ले रहे हैं।





**बीएमओ बोले- मरीज बहुत, सैंपल नहीं**

खंडसरा बीएमओ डॉ. शरद ने बताया कि अब तक 25 मरीज भर्ती किए गए हैं, जिनमें कुछ का इलाज जारी है। अधिकांश की हालत सामान्य है। हालांकि जब उनसे जांच के बारे में पूछा गया तो उन्होंने बोला- स्वास्थ्य विभाग की टीम गाँव गई थी, पर तब तक भोजन फेंक दिया गया था, जिससे सैंपल कलेक्ट नहीं हो सका। यानि अब जांच में गवाही देंगे भरे पेट और खाली थालियाँ!

### छट्ठी के भोज ने सिखाया 'सुरक्षा का स्वाद'

छट्ठी कार्यक्रम आम तौर पर बच्चे के जन्म के छह दिन बाद परिवार की खुशी का प्रतीक होता है, लेकिन इस बार यह खुशी का अवसर स्वास्थ्य का सबक बन गया। गाँव में चर्चा है — भोजन तो स्वादिष्ट था, बस असर थोड़ा ज़्यादा हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि गर्मी, भोजन की गुणवत्ता या भंडारण की गलती इसका कारण हो सकती है, पर सच्चाई क्या है, यह जांच रिपोर्ट बताएगी। जो अब सैंपल के अभाव में कागज़ों पर अनुमान भर रह गई है।

### गाँव में हड़कंप, पर राहत की खबर भी

फिलहाल सभी मरीजों का उपचार जारी है। अधिकांश की हालत स्थिर बताई जा रही है। स्वास्थ्य विभाग ने रिपोर्ट जिला प्रशासन को भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। वहीं, ग्रामीणों का कहना है कि अगली बार भोजन से पहले उसका टेस्ट 'ट्रायल प्लेट' से ही कर लिया जाएगा।

## डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स में जांता के छात्रों का दमदार प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स के राज्य स्तरीय 2 दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं का शानदार आयोजन बसंत बिहार एस ई सी एल बिलासपुर में आयोजित किया गया है । जिसमें छत्तीसगढ़ के कुल 26 जिलों से 97 स्कूलों के लगभग 1000 छात्र-छात्राओं ने विभिन्न 32 खेलों में हिस्सा लिया। 2 दिवसीय खेल का उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि डी ए व्ही संस्थान छत्तीसगढ़ के प्रमुख रीजनल ऑफिसर,क्षेत्रीय अधिकारी प्रक्षेत्र अ, डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स छत्तीसगढ़ जोनल कोऑर्डिनेटर प्रशांत कुमार उपस्थित रहे। डी ए वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता के प्राचार्य पी एल जायसवाल ने बताया कि जांता के बच्चों ने राज्य स्तरीय कबड्डी खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जिसमें अंडर 19 कबड्डी बालक राष्ट्रीय स्तर के लिए फाइनल में क्लस्टर 1 में स्वर्ण पदक से सम्मानित हुए और नेशनल दिल्ली के लिए चयनित हुए और अभी कुछ दिनों पहले ही अंडर 17 कबड्डी में बालिकाओं ने भी राष्ट्रीय स्तर के लिए फाइनल में क्लस्टर 2 में स्वर्ण पदक से सम्मानित होकर नेशनल दिल्ली के लिए चयनित हुए हैं, यह उपलब्धि विद्यालय परिवार के लिए अत्यधिक गर्व की बात हैं।

### पालकों ने किया हर्ष व्यक्त

विद्यालय से ललित देवांगन, गोविंद साहू, अकलेश पटेल, आयुषी जैन, दीपिका वर्मा, विमल साहू, ऐश्वर्य देशमुख, साक्षी शर्मा, संदीप कुमार साहू,ममता चंद्राकर,अमित कुमार साहू, अभिषेक कुमार, प्रवीण कुमार, शोभा रानी, पूनम शर्मा, रेणुका पटेल, रितिका साहू, राजा तंतुवाय,लेखनी चंद्राकर, प्रीति यादव, माननी,स्वप्निल शर्मा, आर्य निधि, गौरी यादव , भारती, अनिल कुमार, कैलाश सिंह, अन्नू चन्द्रकाकर, सुखदेव साहू, रूखमणी, रामेश्वरी, युवराज चंद्राकर, नरेश, विजय चंद्राकर, सुभाष सहित पालकों ने हर्ष व्यक्त किए हैं ।

## राहुल टिकरिहा के स्वागत में उमड़ा जनसैलाब, नारों से गूंजा नगर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ बेमेतरा में भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत

भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के नव-नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा का आज जिले में आगमन अत्यंत उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। उनके स्वागत के लिए युवा, महिलाएं और किसान भारी संख्या में सड़कों पर उमड़ पड़े। पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने पंडरभाठा (जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक–2) में ग्रामीण महिलाओं के साथ पारंपरिक विधि से आरती की थाल सजाकर प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। इस अवसर पर महिलाओं ने पुष्पवर्षा कर अपने नेता के प्रति उल्लास और गर्व व्यक्त किया। छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति को प्रतिबिंबित करता नर्तक दल नृत्य करते हुए स्वागत यात्रा में आगे-आगे चल रहा था। नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में जिला पंचायत सदस्य अंजु बघेल के नेतृत्व में युवाओं की टीम ने आत्मीय स्वागत किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान नवयुवक, महिलाएं और बुजुर्ग अपने प्रिय प्रदेश अध्यक्ष से मिलने और आशीर्वाद देने उमड़ते रहे।पूरे समय राहुल टिकरिहा ने भी विनम्रता और संस्कारपूर्वक सभी वरिष्ठों, माताओं और कार्यकर्ताओं से आशीर्वाद प्राप्त किया। भारतीय जनता पार्टी नेता हर्षवर्धन तिवारी ने पिकरी चौक में अपनी टीम के साथ जोरदार स्वागत किया। इसी क्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, डॉ सौरव निर्वाणी,पार्षद अशोक शर्मा, युवा नेता दीपक मोटवानी, नागेश, रिंकू साहू, तथा जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष परमेश्वर वर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता स्वागत में उपस्थित रहे।

### इन्होंने किया स्वागत

अपने तय कार्यक्रम से लगभग तीन घंटे विलंब से पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा का जोश देखने लायक था — युवा कार्यकर्ता उनसे सेल्फी लेने, हाथ मिलाने और अभिवादन करने के लिए उत्सुक नज़र आए। बेमेतरा के कृष्ण मंदिर में आशीर्वाद ग्रहण करने के पश्चात, जब राहुल टिकरिहा का काफिला नगर के मुख्य बस स्टैंड चौक पहुँचा, तो पार्टी पदाधिकारियों ने उनका भव्य स्वागत किया। पूरा नगर "जय भाजपा, जय युवा शक्ति" के नारों से गूंज उठा। भाजपा जिला अध्यक्ष अजय साहू, योगेश तिवारी मोंटी साहू, अनिल माखीजा ,लालचंद मोटवानी, पार्षद रोशन दत्ता, नीतू कोठारी, जिला पंचायत सदस्य अंजनी सिंह चंदेल सहित सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने बस स्टैंड चौक में क्रेन से पुष्पवर्षा करते हुए गजमाला पहना स्वागत किया। नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा का मंच से केक काटकर नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष ने जन्मदिन मनाया।

## सीएचसी नवागढ़ में लगा कुष्ठ विकृति सुधार शिविर



**बेमेतरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ में छत्तीसगढ़ रजत जयंती के अवसर पर कुष्ठ पीड़ित लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षा, सुविधा, लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से कुष्ठ विकृति से बचाव शिविर का आयोजन किया गया, यह शिविर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अमृत लाल रोहलेडर के निर्देशानुसार , बीएमओ नवागढ़ डॉ एम एम रजा के मार्गदर्शन के साथ बीपीएम सी के देवांगन के नेतृत्व में 16 अक्टूबर 2025 को सीएचसी नवागढ़ में किया गया, जिसमें क्षेत्र के कुष्ठ लक्षण दिखाई देने वाले लोगों ने अपना जांच कराया और शिविर का लाभ उठाया। इस शिविर में कुष्ठ विकृति वाले कुल 35 मरीजों को जल तेल उपचार विधि बताया गया, इस तरह शिविर में संबंधित मरीजों को निः शुल्क माइक्रो सेल्यूलर रबर चप्पल का ▶▶| शेष पेज 04 पर

## परीक्षा परिणाम की समीक्षा और शैक्षणिक उन्नयन की बनी कार्य योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय में त्रैमासिक परीक्षा उपरांत परिणाम की समीक्षा एवं भविष्य की कार्य योजना निर्माण हेतु पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक मे शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष प्रेमलता नेमा ने कहा कि संस्था में बच्चों की शतप्रतिशत उपस्थिति हेतु शिक्षक और पालक विशेष प्रयास करें। साथ ही उन्होंने पालकों से कहा कि किसी भी प्रकार की विद्यालय से संबंधित समस्या हो तो हमे अवगत कराएं ताकि हम उन समस्याओं के समाधान हेतु समन्वित प्रयास कर सकें। संस्था की प्राचार्य कविता बाचपेयी ने समस्त पालकों से निवेदन किया कि वे इस तरह की बैठकों में अपनी नियमित उपस्थिति प्रदान कर, विद्यालय के शैक्षिक विकास में अपना योगदान दें ताकि हम आपके सहयोग से विद्यालय को सभी क्षेत्रों मे उत्कृष्ट बना सकें। उन्होंने छात्राओं,शिक्षकों एवं पालकों से यह अपेक्षा की कि वे सभी मिलकर विद्यालय के परीक्षा परिणाम में अपेक्षित सुधार हेतु अपना आवश्यक प्रयास करेंगे। पार्षद पंचू राम साहू ने भी सभी छात्राओं को अच्छे परीक्षा परिणाम हेतु अपनी शुभकामनाएँ दी और कठिन परिश्रम करने कहा।

**इन्होंने रखे अपने विचार:** बैठक मे पालकों की ओर से रूप राम देवांगन, राजकुमार चंद्राकर एवं रवि कुमार पाटले ने अपने विचार व्यक्त किए। परीक्षा प्रभारी डी.आर. साहू ने त्रैमासिक परीक्षा परिणाम से अवगत कराया एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं से परिचित कराया। व्याख्याता सुनील झा सहित संस्था की छात्राओं वेदिका सेन,सुष्मिता, मानसी साहू,रागिनी सिन्हा ने भी उक्त बैठक मे अपने विचार रखे ।कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता योगेन्द्र वर्मा ने किया एवं व्याख्याता प्रमोद ठाकुर ने आभार प्रकट किया।

## सांसद खेल महोत्सव के तहत खेलों का हुआ आयोजन

# ग्रामीण बच्चों को मिलता है अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा अवसर: अर्जुन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



शासकीय प्राथमिक विद्यालय भेंडरवानी विकासखण्ड साजा में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों सहित ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण अंचलों में खेल भावना का विकास करना तथा विद्यार्थियों को खेलों के माध्यम से शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त बनाना रहा। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी शांति लदेल, रोजगार सहायक तुलसी साहू, प्रधान पाठक अर्जुन वर्मा, एवं सहायक शिक्षक सनत कुमार साहू की गरिमामय उपस्थिति रही।

इस अवसर पर ग्राम की मितानिन अंबा वर्मा, रोहिणी चौहान, मंजू ढीमर, उर्मिला वर्मा ने सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपसरपंच राकेश वर्मा ने की। साथ ही पंचगण में मनमोहन साहू, भागवत साहू, एवं राजकुमारी साहू उपस्थित रहीं। महिला स्व सहायता समूहों से बड़ी संख्या में सदस्याएँ शामिल हुईं। जिनमें यशोदा वर्मा, संगीता साहू, राजकुमारी साहू, सतरूपा साहू, कुमारी साहू, मोंगरा साहू, अंजनी साहू, कांति साहू तथा अनिता साहू प्रमुख रूप से उपस्थित थीं। ग्रामीण नागरिकों में सालिक साहू, ओंकार वर्मा, विजय साहू, जागेश्वर साहू, विष्णु साहू, दुर्गा यादव, डोमन साहू, इच्छा विश्वकर्मा, पुरन साहू एवं अन्य गणमान्य नागरिकों ने भी अपनी सहभागिता दी।

### अनुशासन, सहयोग और आत्मविश्वास का प्रतीक हैं खेल

बच्चों के बीच विभिन्न पारंपरिक खेल जैसे फुगड़ी, दौड़, कबड्डी, खो-खो, सुरीली कुर्सी दौड़ का आयोजन किया गया। बच्चों ने पूरे जोश और उमंग के साथ खेलों में भाग लिया। प्रधान पाठक अर्जुन वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं बल्कि जीवन में अनुशासन, सहयोग और आत्मविश्वास का प्रतीक हैं। सांसद खेल महोत्सव जैसी पहल से ग्रामीण बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा अवसर मिलता है। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

जिलावासियों को दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाईदूज एवं गुरुनानक जयंती
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं.

आइये मेडिकल के क्षेत्र में अपना भविष्य बनायें.... गुणवत्ता युक्त एवं विश्वसनीय संस्था

# VISION PARAMEDICAL (Since - 2014)

INFORMATION • CAREER GUIDANCE • ADMISSION • COUNSELING • COACHING CENTER

Website : www.visionpara.com ! Email : visionparamedicalvips@gmail.com ! Facebook : Vision Paramedical College

*Why Choose A Paramedical Career?*

Eligibility 12th Biolody

*Choose the Best To be the Best*

**Be the Backbone of Healthcare Join the paramedical Industry**

**HIGH DEMAND**
Jobs in India & Abroad

**SHORT COURSES**
Quick entry into the healthcare field

**MAKE A DIFFERENCE**
Save lives & support doctors every day

**SECURE FUTURE**
Healthcare never goes out of demand

**BENEFITS**
- Practical Training
- Expert Faculty
- Placement Support
- Hostel Facility
- Pay Fees in Installment

B.M.L.T. D.M.L.T.
D-Pharma
X-Ray
Dialysis
Ophthalmic
O.T. Tech.



**VISION PARAMEDICAL**
रायपुर रोड, शासकीय पीजी कॉलेज के सामने,
सृजन ITI के पीछे, कोबिया, बेमेतरा
जिला बेमेतरा (छ.ग.)

**FOR MORE INFORMATION**
9131330801, 7869622725,
9340751120

जिलावासियों को दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाईदूज एवं गुरुनानक जयंती
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं.

## बी.एम.टी. हॉस्पिटल एण्ड डायग्नोस्टिक सेंटर



# वर्मा हॉस्पिटल

## बेमेतरा हेल्थ केयर

नया बस स्टैण्ड के पास, कवर्धा रोड, बेमेतरा,
मोबा.: 8817534383

समय : सुबह 7 बजे से रात्रि 8 बजे तक (प्रतिदिन)

- डिजीटल एक्स-रे • ई.सी.जी.
- स्पायरोमेट्री (श्वसन-फेफड़ा जाँच)
- ब्रेस्ट सोनोग्राफी
- एनामाली स्केन
- स्तन कैंसर जाँच

*शरीर के सभी प्रकार की सोनोग्राफी एवं समस्त प्रकार के लैब जाँच सुविधा उपलब्ध है।*

*सभी प्रकार के जाँच, ईलाज, ऑपरेशन एक ही छत के नीचे*

सोनोग्राफी - यहाँ सभी प्रकार के सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध है।



- फिजियोथैरेपी - एडवांस्ड टेक्नोलॉजी युक्त हाईटेक फिजियोथैरेपी,
- पीएफटी (फेफड़ा जाँच), FNAC, BIOPSY
- नि:संतानता से संबंधित जाँच एवं ईलाज

## खबर संक्षेप

### प्रोत्साहन योजना के तहत आवेदन 31 तक

**कवर्धा।** संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर द्वारा मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजना अंतर्गत सत्र 2025-26 में जिले के विद्यार्थियों के चयन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इस संबंध में जिले के कुल 77 विद्यार्थियों की सूची प्राप्त हुई है, जिन्हें ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत करना है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कक्षा 10वीं के अनुसूचित जाति वर्ग के 18, अनुसूचित जनजाति वर्ग के 12 तथा कक्षा 12वीं के अनुसूचित जाति वर्ग के 29 और अनुसूचित जनजाति वर्ग के 18 विद्यार्थी योजना हेतु चयनित किए गए हैं। इन विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति पोर्टल के होम पेज में जाकर मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत ऑनलाईन आवेदन पंजीयन करना अनिवार्य है। इसके लिए संबंधित विद्यालयों के प्राचार्यों को आवश्यक दिशा-निर्देश इस कार्यालय द्वारा जारी किए जा चुके हैं। योजना के अंतर्गत ऑनलाईन आवेदन पूर्ण करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2025, सायं 05:00 बजे तक निर्धारित की गई है। अधिक जानकारी के लिए आवेदक संबंधित विभाग से संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### 23 अक्टूबर को स्थानीय अवकाश घोषित

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा द्वारा वार्षिक कैलेंण्डर वर्ष 2025 के लिए कबीरधाम में तीन स्थानीय अवकाश घोषित किया गया था, जिसमें आंशिक संशोधन किया गया है। वर्ष 2025 के वार्षिक कैलेंण्डर में कबीरधाम जिले के लिए श्रावण मास के प्रथम सोमवार 14 जुलाई 2025, दशहरा महानवमी 01 अक्टूबर 2025, भाईदूज (दीपावली) 23 अक्टूबर 2025 को तीन दिन का स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। पहले गोवर्धन पूजा 21 अक्टूबर को अवकाश घोषित था जिसे संशोधित कर 23 अक्टूबर को किया गया है।

# जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बनने 24 ने ठोकी दावेदारी, पूर्व विधायक भी कतार में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार प्रदेश सहित कबीरधाम जिले में कांग्रेस के जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की प्रक्रिया जारी है। हाल ही में इसी सिलसिले में कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत कबीरधाम जिले के लिए नियुक्त एआईसीसी आब्जर्वर प्रभारी श्याम कुमार दौलत बारवे, पीसीसी पर्यवेक्षक श्रीमती ज्योत्सना महंत सांसद कोरबा, दिलीप लहरिया, आकाश शर्मा प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस तथा जिला कांग्रेस कमेटी कवर्धा के अध्यक्ष होरीराम साहू के नेतृत्व में स्थानीय कांग्रेस भवन कवर्धा में बैठक भी आयोजित की गई थी। बताया जाता है कि बैठक में जहां कांग्रेस पदाधिकारियों ने कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत पार्टी की मजबूती एवं जिला कांग्रेस कमेटी के लिए अध्यक्ष नियुक्ति पर चर्चा की वहीं इस बैठक में जिला कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने अध्यक्ष बनने के लिए पदाधिकारियों के समक्ष पूरी दमदारी के साथ अपनी दावेदारी भी पेश की। कांग्रेस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस बैठक में कुल 24 कार्यकर्ताओं ने जिला कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष बनने के लिए अपनी दावेदारी पेश की है। जिसमें ममता चन्द्राकर, रजपाल साहू, काशीनाथ सिंह ठाकुर, लालबहादुर चंद्रवंशी, घनश्याम साहू, नवीन जायसवाल, कृष्णा साहू, तुकेश्वर साहू, तुकाराम चंद्रवंशी, होरीराम साहू, नंदराम पाटिल, लक्ष्मण चंद्रवंशी, पितांबर वर्मा, राजेन्द्र चंद्रवंशी, मो. अजहर खान, नरेश चंद्राकर, नरेश निर्मलकर, आनंद सिंह ठाकुर, श्रीमती सीमा अगम अनंत, शिवशंकर वर्मा, आकाश केसरवानी, सुनील यादव, राकेश चंद्रवंशी, डॉ. जयप्रकाश बारले, श्रीमती आरती सुमन, कृष्णा पुसाम, मो.इरफान खान तथा श्रीमती अंबिका गोलू सोनवानी का नाम शामिल है। यहां बताना लाजिमी होगा कि इन आवेदकों में महिला, पुरूष के साथ युवा और वरिष्ठ कांग्रेसी, पूर्व पदाधिकारी तथा पूर्व विधायक तक शामिल हैं। ऐसे में दिलचस्प होगा कि कांग्रेस कमेटी आने वाले दिनो में किस पर भरोसा जताती है और किसे जिला कांग्रेस कमेटी की कमान सौंपती है।




### किसे दिया जाएगा मौका, क्या होगा कांग्रेस पार्टी का फार्मूला?

दावेदारों द्वारा अपनी-अपनी दावेदारी पेश करने के बाद अब कार्यकर्ताओं के बीच इस बात को लेकर चर्चा शुरू हो गई है कि पार्टी किसे मौका देगी और जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नियुक्ति का फार्मूला क्या होगा। क्या पार्टी हर बार की तरह इस बार भी जिले की तासीर के अनुरूप जातिवाद को आधार मानेगी या फिर किसी तजुर्बेकार, युवा और पार्टी में हमेशा सक्रिय रहने वाले कार्यकर्ता को मौका देगी। यहां बताना लाजिमी होगा कि कांग्रेस पार्टी अभी तक कबीरधाम जिले में जाति बाहुल्यता के आधार पर ही पार्टी अध्यक्ष नियुक्त करते आई है। लेकिन जानकारों की माने तो उसे इससे कोई विशेष फायदा होता नहीं दिखाई दिया है। ऐसे में देखने वाली बात होगी कि इस पार्टी अध्यक्ष पद के लिए दावेदारों में कौन से गुण देखती है और किसे पार्टी का जिला कप्तान नियुक्त करती है।

## दीपोत्सव : पर्वों को लेकर बाजार में रौनक, लोगों में उत्साह

# आज धनतेरस के साथ दीपावली के त्यौहारों की श्रृंखला प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

हिन्दु पर्वो के महापर्व दीपावली की तैयारियों को लोगों द्वारा अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस बार 20 अक्टूबर को पड़ने वाले दीपावली के त्यौहार के मद्देनजर घरों व प्रतिष्ठानो की लिपाई-पुताई व साफ-सफाई के बाद अब लोगों की खासी चहलकदमी बाजार में नजर आ रही है। जहां वे त्यौहार में उपयोगी साजो सामान से लेकर ना-ना प्रकार की चीजों की खरीदी कर रहे हैं। पर्व को लेकर लोगों के इस उत्साह को देखते हुए बाजार भी पूरी तरह खरीददारों की मांग व पसंद के अनुरूप सजा दिया गया है। बाजार में दीपावली के लिए कपड़ा, सोना, चांदी, बर्तन, पूजन सामग्री, सजावटी सामग्री, पूजा-पाठ की सामग्री, रंगोली, पटाखा, मिठाई आदि की दर्जनो दुकाने सजाई गई है। जिनमें 18 अक्टूबर को दीपोत्सव के प्रथम त्यौहार धनतेरस के रोज से लोगों की भीड़ उमड़ने लगेगी। त्यौहारों की कड़ी में 18 अक्टूबर को धनतेरस, 19 अक्टूबर को नरक चतुर्दशी, 20 अक्टूबर को दीपावली तथा 22 अक्टूबर को गोवर्धन पूजा तथा 23 अक्टूबर को भाईदूज मनाई जाएगी। यहां बताना लाजिमी होगा कि दीपोत्सव के इन सभी पर्वो में धनतेरस का भी अपना अलग महत्व है। इस दिन लोगों द्वारा कोई न कोई नया सामान खरीदने की परम्परा है। वहीं इस दिन धन की देवी मां लक्ष्मी की विधि विधान से पूजा अर्चना करने तथा दीप प्रज्जवलित करने की मान्यता है।

### अंचल में स्थापित की जाती है मां लक्ष्मी की प्रतिमाएं



धर्मनगरी कवर्धा सहित समूचे अंचल में धनतेरस के दिन से ही मां लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित करने की परम्परा है। यहां हर साल बड़ी संख्या में लक्ष्मी उत्सव समितियों द्वारा भगवान गणेश तथा मां दुर्गा की तरह आकर्षक पण्डाल बनाकर धनतेरस के दिन मां लक्ष्मी की प्रतिमाएं भी स्थापित की जाती है। जिसकी तैयारियां समितियों द्वारा लगभग पूरी भी कर ली गई है। अब इन समितियों द्वारा मंगलवार को धनतेरस के रोज मूर्तिकारों के यहां से मां लक्ष्मी की प्रतिमाएं लाकर विधि विधान से पण्डालों में स्थापित की जाएंगी और दीपावली तक मां लक्ष्मी की नियमित रूप से पूजा अर्चना व आरती की जाएगी। तत्पश्चात दीपावली के बाद इन प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा।

# तंबाकू नियंत्रण के लिए प्रशासन की सख्ती, पिपरिया में 24 चालान लोगों को दी गई समझाइश

- जिला प्रशासन द्वारा की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा तंबाकू सेवन एवं विक्रय पर रोक लगाने के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डीके तूरे एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती अनुपमा तिवारी के मार्गदर्शन में तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के तहत विकासखंड कवर्धा अंतर्गत पिपरिया क्षेत्र में विशेष जांच अभियान संचालित किया गया।

अभियान के दौरान कोटपा 2003 के नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्र की पान दुकानों, थोक किराना दुकानों व अन्य तंबाकू विक्रय केंद्रों की जांच की गई। इस दौरान धारा 4 (सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान निषेध) एवं धारा 6 का उल्लंघन पाए जाने पर कुल 24 चालान काटे गए। जांच टीम ने तंबाकू विक्रेताओं एवं उपभोक्ताओं को तंबाकू सेवन से होने वाले स्वास्थ्य दुष्प्रभावों की जानकारी दी तथा कोटपा नियमों का पालन करने के लिए समझाइश दी। दुकानदारों को चेतावनी दी गई कि भविष्य में उल्लंघन पाए जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान कोटपा 2003 के नियमों से संबंधित पॉम्पलेट एवं जनजागरूकता सामग्री भी वितरित की गई।

इस अवसर पर डॉ. रोशनी पटेल ने बताया कि तंबाकू न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, बल्कि समाज पर भी इसका गंभीर प्रभाव पड़ता है। हमारा लक्ष्य जिले को पूर्णतः तंबाकू मुक्त बनाना है। अभियान दल का नेतृत्व डॉ. रोशनी पटेल (जिला नोडल अधिकारी, एंटीसीपी) एवं डॉ. योगेश पैकरा (दंत चिकित्सक, पिपरिया) ने किया। संयुक्त टीम में श्रम विभाग, पुलिस विभाग, जनपद पंचायत पिपरिया एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी सक्रिय रूप से शामिल रहे।

कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि वे इस प्रकार के निरीक्षण अभियान नियमित रूप से जारी रखें और जनजागरूकता बढ़ाने के लिए विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर सतत प्रचार-प्रसार करें।

# दीपावली त्यौहार पर जिले में सतत् विद्युत व्यवस्था बनाए रखने की पहल

## ईडी सेलट ने सभी मैदानी अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, राजनांदगाव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट ने दीपावली त्यौहार के दृष्टिगत कबीरधाम जिले के सभी मैदानी अधिकारियों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाये रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। उन्होने विद्युत व्यवस्था की शिकायत के मद्देनजर आकस्मिक निरीक्षण की भी बात कही है। चारों जिले के सभी उपसंभाग एवं वितरण केन्द्रों के सहायक अभियंता व कनिष्ठ अभियंताओं को उपभोक्ताओं की समस्याओं को त्वरित निराकृत करने के निर्देश प्रसारित किये गए हैं तथा सतत व्यवस्था बनाये रखने में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही के संकेत भी उनके द्वारा दिए हैं। कार्यपालक निदेशक श्री सेलट ने बताया कि त्यौहार के इस सीजन में विभिन्न प्रकार के सजावट के कारण विद्युत लाईनों एवं उपकरणों में अतिरिक्त लोड की संभावना को देखते हुए मेंटेनेस टीम को अलर्ट पर रखा गया है। सभी विभागीय संभाग के अधिकारियों को आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक उपकरण आरक्षित रखने तथा विद्युत व्यवधान की स्थिति में संबंधित क्षेत्र में तत्काल पहुँचकर विद्युत व्यवस्था सुचारू बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये है। उन्होने उपभोक्ताओं को विद्युत संबंधित किसी भी प्रकार की समस्याओं के निराकरण के लिए निकटतम विद्युत कार्यालय एवं वितरण केन्द्रों के दूरभाष नंबरों पर शिकायत दर्ज कराने की अपील की है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा दीपोत्सव के पर्व को दृष्टिगत रखते हुये मैदानी अधिकारियों, कर्मचारियों से सहित आमनागरिकों को विशेष जागरूकता एवं सतर्कता बरतने की अपील की गई है। पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की आकस्मिक विद्युत दुर्घटना को नियंत्रित करने समुचित अमले के साथ शिकायत केन्द्रों में सम्पूर्ण तैयारी रखने के निर्देश भी दिए गए हैं। विद्युत दुर्घटना से बचने हेतु विद्युत उपकेन्द्रों, खम्बों, लाईनों तथा ट्रांसफार्मरों के निकट फटाके, राकेट, अनारदाना इत्यादि नहीं जलाने की समझाईश दी गई है। श्री सेलट ने कहा कि उपभोक्ताओं की जागरूकता एवं शालीनतापूर्वक दीपोत्सव विद्युत कंपनी सहित सभी के लिये हितकारी होगा। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए केन्द्रीकृत कॉल सेंटर का 1912 दिन-रात क्रियाशील रहता है। इस नंबर पर उपभोक्तागण किसी भी समय 1912 पर हिन्दी, अंग्रेजी एवं छत्तीसगढ़ी में शिकायत दर्ज करा सकते हैं। दीपोत्सव पर्व पर किसी भी प्रकार की विद्युत व्यवधान, तथा विद्युत दुर्घटना संबंधी शिकायत आदि के लिये उपभोक्तागण राजनांदगांव शहर स्थित शिकायत केन्द्रों में सम्पर्क कर सकते हैं।

## नशामुक्ति, बाल विवाह व दहेज कुप्रथा के खिलाफ बड़ी पहल, पालकों को दिलाई शपथ




**कवर्धा।** जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित शासकीय हाई स्कूल छिरहा ने नशामुक्ति, बाल विवाह और दहेज कुप्रथा जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ एक महत्वपूर्ण जागरूकता अभियान चलाया है। संस्था के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी की पहल पर विद्यालय में अध्ययनरत दस गांवों के 107 पालकों को एकसाथ शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल विद्यार्थियों को ही नहीं, बल्कि उनके अभिभावकों को भी इन कुप्रथाओं के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना था, ताकि समाज में सकारात्मक बदलाव आ सके। शपथ ग्रहण के दौरान पालकों ने संकल्प लिया कि वे स्वयं नशा नहीं करेंगे, अपने बच्चों का बाल विवाह नहीं करेंगे, न ही दहेज लेंगे और न ही देंगे। इसके साथ ही उन्होंने अपने आस-पास के लोगों को भी इस संबंध में जागरूक करने का संकल्प लिया है। इस जागरूकता कार्यक्रम में ग्राम छिरहा, जुनवानी, नवागांव तिवारी, लिमो, मगरदा, घोठिया, झलका, बाघुटोला एवं बिरुटोला के पालकगण शामिल हुए। प्राचार्य डॉ. चन्द्रवंशी ने बताया कि समाज को इन बुराइयों से मुक्त करने के लिए शिक्षण संस्थानों की यह एक नैतिक जिम्मेदारी है। इस सामूहिक शपथ ने इन गंभीर मुद्दों के रोकथाम के लिए एक मजबूत सामाजिक नींव तैयार की है और क्षेत्र में बदलाव की एक नई लहर की शुरूआत किया है।

# सर्पदंश से मृत व्यक्ति के आश्रित परिजनों को मिली चार लाख की सहायता राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कलेक्टर के संवेदनशील पहल और तत्पर निर्णय से तहसील सहसपुर लोहारा अंतर्गत ग्राम करही के दुखग्रस्त परिवार को त्वरित राहत मिली है। विगत दिनों ग्राम करही के टेकसिंह की इलाज के दौरान रायपुर के अस्पताल में मृत्यु हो गई थी। यह जानकारी मिलते ही कलेक्टर गोपाल वर्मा ने तत्काल संबंधित अधिकारियों को राहत की पूरी प्रक्रिया प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वर्मा के पहल पर मृतक की पत्नी लीलावती को त्वरित रूप से 4 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत कर राहत प्रदान की गई। यह जिले में प्रशासन की मानवीयता और त्वरित कार्यप्रणाली का उदाहरण बन गया है। कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अपर कलेक्टर नरेंद्र पैकरा ने स्वयं मृतक की पत्नी एवं नाबालिग बेटे को 4 लाख रुपए की सहायता राशि का चेक भेंट किया। इस प्रकरण में नायब तहसीलदार सहसपुर लोहारा श्री हुलेश्वर कुमार पटेल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पटवारी से घटना का पंचनामा एवं संपूर्ण रिपोर्ट तैयार कर एसडीएम कार्यालय के माध्यम से कलेक्टर कार्यालय को प्रेषित किया। प्रशासनिक तंत्र की इस तेज़ और प्रभावी कार्यवाही से आरबीसी 6(4) के तहत मात्र 1 माह के भीतर 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि किसी भी परिवार पर आई विपत्ति को हम टाल नहीं सकते, लेकिन शासन की मंशा यही है कि प्रभावित परिवारों को तत्काल सहायता मिले और वे इस कठिन समय में स्वयं को अकेला न महसूस करें।

# शक्कर वितरण व किसान रेस्ट हाउस का लोकार्पण आज करेंगे डिप्टी सीएम विजय शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



कवर्धा विधायक एवं छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा 18 अक्टूबर को कवर्धा प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री शर्मा अपने कवर्धा प्रवास के दौरान के द्वारा धनतेरस के पावन अवसर 18 अक्टूबर को दोपहर 1.00 बजे भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना राम्हेपुर में गन्ना किसानों को 50 किलो शक्कर और शक्कर कारखाना परिसर में निर्मित किसान रेस्ट हाउस बलराम सदन का लोकार्पण करेंगे। गौरतलब है कि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के कुशल नेतृत्व में भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना मे गन्ना किसानों को भारत वर्ष में सर्वाधिक गन्ना का मूल्य और रिकवरी व बोनस और अब शेयरधारी किसानों को शक्कर का वितरण किया जा रहा है। इससे पूर्व उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से गन्ना किसानों को दीपावली पर 11.09 करोड़ रुपए का बोनस भुगतान भी किया गया है।

# दनियाखुर्द बनिया में प्रशासन ने दिखाई संवेदनशीलता

**कवर्धा।** सहसपुर लोहारा तहसील के ग्राम दनियाखुर्द (बनिया) के कोटवार भूधरदास के आकस्मिक निधन के बाद ग्रामवासियों में गहरा शोक व्याप्त था। भूधरदास वर्षों से निष्ठा और ईमानदारी के साथ ग्राम में कोटवार के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे। उनके निधन के पश्चात उनकी धर्मपत्नी श्रीमती बासन बाई ने प्रशासन से कोटवारी दायित्व संभालने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था। प्रशासन ने इस आवेदन पर संवेदनशीलता दिखाते हुए शीघ्र कार्रवाई की। नायब तहसीलदार सहसपुर लोहारा हुलेश्वर पटेल के द्वारा तत्परता से मात्र 20 दिनों के भीतर कोटवार नियुक्ति के प्रकरण में सभी आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर नियुक्ति आदेश जारी किया गया। तत्पश्चात, एसडीएम सहसपुर लोहारा श्रीमती शिल्पा देवांगन द्वारा श्रीमती बासन बाई को ग्राम दनियाखुर्द की नई कोटवार के रूप में नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

### नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ पेंशनर्स एसोसिएसन रायपुर द्वारा ग्राम कुरूद (धमतरी) में छग के समस्त नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह मुख्य अतिथि विधायक अजय चंद्राकर एवं विशेष अतिथियों के सानिध्य में संपन्न हुआ।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130




## पेज 3 का शेष

### सीएचसी नवागढ़ ...

वितरण किया गया, साथ में टब एवं मरीजों को सेल्फ केयर किट का भी वितरण कर उपयोग की विधि को विस्तार से बताया गया। इस कुष्ठ विकृति से सुधार शिविर में स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रम का संचालन एवं उपचार विधि यू के ध्रुवे एन एम ए एवं प्रमोद कुमार साहू फिजियोथैरेपिस्ट द्वारा बताया गया, इसके साथ ही चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ने सेवा प्रदान किया ।

